ENTRANCEZONE
Exploring Careers

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

**विज्ञप्ति सं0–PR............./2019**

**प्रारम्भिक शिक्षा में डिप्लोमा (डी०एल०एड०) पाठ्यक्रम के सत्र 2020–2022 में नामांकन हेतु डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2020 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्रा/अभिभावक के लिए आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा प्रारम्भिक शिक्षा में डिप्लोमा (डी०एल०एड०) पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–12/विविध–11/2016–64 दिनांक 08.02.2019 द्वारा सत्र 2020–22 से केन्द्रीयकृत संयुक्त प्रवेश परीक्षा आयोजन हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त के आलोक में सत्र 2020–2022 में डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2020 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी/अभिभावक एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं अन्य संबंधितों को सूचित किया जाता है कि डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2020 द्वारा राज्य में NCTE द्वारा मान्यता प्राप्त एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा सम्बद्धता प्रदत्त सरकारी एवं निजी प्राथमिक स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में कुल स्वीकृत सीटों के विरूद्ध आरक्षण नियमों के अनुसार सरकार के द्वारा उर्दू/कला एवं विज्ञान विषयों के लिए निर्धारित सीट को दृष्टिपथ में रखते हुए ऑनलाइन (online) माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। सभी अभ्यर्थियों के परीक्षोपरांत प्राप्तांक के आधार पर कोटिवार/विषयवार मेधा सूची तैयार की जायेगी। उक्त मेधा सूची ही संस्थान आवंटन का आधार होगा।

**1. प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु शैक्षणिक योग्यता**

(i) उच्च माध्यमिक (+2) अथवा उसके समकक्ष परीक्षा में कम से कम 50% अंकों से उत्तीर्ण उम्मीदवार प्रवेश के लिए पात्र होंगे।

(ii) नामांकन हेतु सभी आरक्षित कोटि/निःशक्त के लिए अर्हता अंकों में 5 % की छूट होगी।

**2. उम्र सीमा (Age Limit)**

अभ्यर्थी की न्यूनतम उम्र सीमा पहली जनवरी, 2020 को 17 वर्ष (सभी कोटि के लिए) होगी तथा आयु की अधिकतम सीमा नहीं रखी जायेगी।

**3. उर्ध्वाधर आरक्षण (Vertical Reservation)**

डी०एल०एड० (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम में) प्रवेश में अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST), पिछड़ा वर्ग (BC), अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (EBC), पिछड़े वर्ग की महिलाओं (WBC) एवं आर्थिक रूप से पिछड़ा सामान्य कोटि के अभ्यर्थी (EWS) के पक्ष में क्रमशः 16 प्रतिशत, 01 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत, 3 प्रतिशत एवं 10 प्रतिशत की सीमा तक आरक्षण बिहार सरकार की अधिसूचना/शासनादेश के अनुसार देय होगा।

**4. क्षैतिज आरक्षण (Horizontal Reservation)**

सरकारी नियमानुसार कुल स्वीकृत सीटों में से दिव्यांग (न्यूनतम 40% दिव्यांगता) अभ्यर्थियों के लिए पाँच प्रतिशत (5%), स्वतंत्रता सेनानी के नाती/नतिनी/पोता/पोती के अभ्यर्थी को दो प्रतिशत (2%) बिहार राज्य के निवासी सेवारत/सेवानिवृत्त/दिवंगत/भूतपूर्व सैनिक कर्मचारी के आश्रित पुत्र/आश्रित अविवाहित पुत्री को पाँच प्रतिशत (5%) क्षैतिज आरक्षण देय होगा।

**5. आवेदन करने की तिथि :**

उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु केवल निर्धारित अहर्त्ता रखने वाले अभ्यर्थियों से सिर्फ ऑनलाईन के माध्यम से समिति के वेबसाईट **www.biharboardvividh.com** पर आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन–पत्र एवं परीक्षा शुल्क दिनांक **05.12.2019** से **14.12.2019** तक स्वीकार किये जायेंगे।

ENTRANCEZONE
Exploring Careers

**परीक्षा आवेदन–पत्र समिति के वेबसाईट पर अपलोड करने का तरीका निम्नवत् है:–**

- बेवसाईट **www.biharboardvividh.com**
- आवेदन की प्रक्रिया दो चरण में पूर्ण होगी। (i) पंजीकरण, (ii) फॉर्म भरना।

(i) **पंजीकरण** – प्रथम बार में अभ्यर्थी "Register (New Candidate)" पर क्लिक करें। तत्पश्चात् Initial Registration का पेज खुलेगा। उस पेज पर Subject Applied for (i) Arts/Commerce (ii) Science (iii) Urdu चुनेंगे। इसके बाद जिला, योग्यता, कोटि, लिंग, दिव्यांगता, अभ्यर्थी का नाम, जन्म तिथि, ई–मेल एवं मोबाईल नम्बर अंकित कर Submit and continue बटन क्लिक करेंगे। आवेदक को "Submit and Continue" बटन पर क्लिक करने से पहले सावधानी पूर्वक भरे गये विवरणों की जांच करनी होगी, क्योंकि इसके बाद के चरण में आवेदन में परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी। Submit करने के पश्चात आपके पंजीकृत मोबाईल पर SMS के माध्यम से एवं पंजीकृत ई–मेल आई०डी० पर आवेदन संख्या (यूजर आई०डी०) एवं पासवर्ड भेजा जायेगा, जिसका उपयोग करते हुए ऑनलाईन आवेदन भरने के लिए आगे Log in कर सकेंगे।

(ii) **फॉर्म भरना** – आवेदक के मोबाईल एवं ई–मेल पर उपलब्ध कराये गये आवेदन संख्या एवं पासवर्ड पोर्टल के मुख्य पेज पर Log in करने पर आवेदन–पत्र का पेज खुलेगा। उस पेज पर अभ्यर्थी अपना व्यक्तिगत एवं शैक्षणिक–प्रशैक्षणिक विवरण भरेंगे। उसके बाद अपना फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करेंगे। उसके बाद परीक्षा शुल्क की राशि का भुगतान करेंगे।

**पंजीकृत पर्ची की प्राप्ति** : भुगतान सफल होने के बाद पंजीकृत पर्ची (Registration Slip) उत्पन्न (Generate) होगा। आवेदक "Print Registration Slip" बटन पर क्लिक कर पंजीकृत पर्ची का प्रिंट आउट प्राप्त कर सकते हैं।

**अपलोड रंगीन फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर** : अभ्यर्थी के फोटोग्राफ का स्कैन किए हुए साइज 100kb से 150 kb तक एवं आयाम 3.5cm × 4.5 cm होना चाहिए एवं हस्ताक्षर का स्कैन किया हुआ साईज 50kb से 100 kb तक होना चाहिए।

- रंगीन फोटोग्राफ हाल (Recent) का होना चाहिए एवं Background सफेद अथवा हल्का रंग का होना चाहिए एवं कैमरे के सामने का खींचा हुआ होना चाहिए तथा अभ्यर्थी की आँखें एवं चेहरा स्पष्ट रूप से दिखना चाहिए।
- फोटो खींचवाने के समय टोपी, कोई कपड़ा अथवा काला चश्मा स्वीकार्य नहीं है।
- यदि फोटोग्राफ में लाल–आँख (Red Eye Effect) का प्रभाव है, तो कृपया इसे Edit कर हटा दें।
- **परीक्षा शुल्क का भुगतान**–परीक्षा शुल्क की राशि Debit Card/Credit Card/Net Banking के माध्यम से भुगतान करने की अनुमति होगी। इसके अलावे अन्य कोई माध्यम से परीक्षा शुल्क का भुगतान स्वीकार नहीं होगा।

12. ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र समिति के वेबसाईट पर अपलोड करने के पश्चात अभ्यर्थी के मोबाईल एवं ई–मेल पर यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड भेजा जायेगा एवं अभ्यर्थी का यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड को अभ्यर्थी भविष्य के लिए सुरक्षित रख लेंगे एवं इसकी गोपनीयता बनाये रखेंगे। इस यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड को समिति कार्यालय में कदापि न भेजे। **इस यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड के माध्यम से अभ्यर्थी ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार के त्रुटिपूर्ण विवरण ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि तक समिति के उक्त वेबसाईट www.biharboardvividh.com पर जाकर सुधार कर सकेंगे।**

**नोट : ऑनलाईन के अलावे किसी भी अन्य माध्यम से आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।**

13. यह आवश्यक है कि Online परीक्षा आवेदन पत्र स्वयं के द्वारा भरा जाए। किसी आवेदक का अपूर्ण रूप से भरा हुआ या दूसरे के द्वारा भराया गया अथवा एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर आवेदन पत्र अस्वीकृत/रद्द कर दिया जायेगा।

ENTRANCEZONE
Exploring Careers

**6. प्रवेश परीक्षा (Entrance Test)**

प्रवेश परीक्षा मात्र एक सेट में OMR Sheet पर बहुवैकल्पिक प्रश्नों के रूप में ली जायेगी। प्रवेश परीक्षा में सभी परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करायी जायेगी।

**7. परीक्षा शुल्क (Examination Fee)**

| क्रम सं० | श्रेणी | आवेदन शुल्क |
|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित / आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग / पिछड़ा वर्ग / अत्यंत पिछड़ा वर्ग | 960 / –रू० |
| 2 | अनुसूचित जाति / अनु0जनजाति / दिव्यांग | 760 / –रू० |

**8. प्रवेश परीक्षा की अवधि**

प्रवेश परीक्षा की अवधि 150 मिनट (2:30 घंटा) की होगी।

**9. डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा पाठ्यक्रम**

(i) सामान्य हिन्दी / सामान्य उर्दू (General Hindi/General Urdu) मैट्रिक स्तरीय

(ii) सामान्य अंग्रेजी (General English) मैट्रिक स्तरीय

(iii) गणित (Mathematics) मैट्रिक स्तरीय

(iv) विज्ञान (Science) मैट्रिक स्तरीय

(v) सामाजिक अध्ययन (Social Studies) मैट्रिक स्तरीय

(vi) तार्किक एवं विश्लेषणात्मक क्षमता (Logical & Analytical Reasoning)

**10. प्रवेश परीक्षा का प्रारूप (Pattern of Entrance Test)**

| क्रम सं० | विषय | प्रश्नों की संख्या | निर्धारित अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य हिन्दी / सामान्य उर्दू (General Hindi/General Urdu) | 30 | 90 |
| 2 | गणित (Mathematics) | 30 | 90 |
| 3 | विज्ञान (Science) | 20 | 60 |
| 4 | सामाजिक अध्ययन (Social Studies) | 20 | 60 |
| 5 | सामान्य अंग्रेजी (General English) | 25 | 75 |
| 6 | तार्किक एवं विश्लेषणात्मक क्षमता (Logical & Analytical Reasoning) | 25 | 75 |
| | कुल | 150 | 450 |

प्रत्येक सही उत्तर के लिए तीन अंक दिये जायेंगे, जबकि प्रत्येक एक गलत उत्तर पर एक अंक काट लिए जायेंगे।

**11. ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की विधि :**

डी0एल0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2020 में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थी बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के वेबसाईट **www.biharboardvividh.com** पर क्लिक करने पर डी0एल0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2020 का लिंक खुलेगा।

इस लिंक पर क्लिक कर अभ्यर्थी अपना नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि, जाति कोटि, लिंग, शैक्षणिक योग्यता, मोबाईल नं0, ई–मेल आई0डी0, स्थायी पता, पत्राचार पता आदि विवरण शुद्ध–शुद्ध अपलोड करेंगे।

ENTRANCEZONE
Exploring Careers

**14.** ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र में आवेदक द्वारा भरे गये विवरण गलत पाये जाने पर उनके आवेदन पत्र को अस्वीकृत करते हुए उनका परीक्षाफल रद्द कर दिया जायेगा।

**15.** केवल घोषणा पत्र एवं आवेदन पत्र पर हस्ताक्षर के लिए अंग्रेजी के बड़े अक्षरों (CAPITAL LETTER) का प्रयोग वर्जित है।

**16.** उक्त परीक्षा से संबंधित किसी प्रकार के विवाद का मामला केवल उच्च न्यायालय, पटना के क्षेत्राधिकार में होगा।

**17.** इस परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना, सूचना के अधिकार अधिनियम–2005 के अंतर्गत परीक्षाफल प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों तक ही प्राप्त किया जा सकेगा।

**18.** उक्त परीक्षा से संबंधित पृच्छा के लिए हेल्प लाईन नम्बर वेबसाईट **www.biharboardvividh.com** पर उपलब्ध है। इस पर सम्पर्क किया जा सकता है तथा किसी प्रकार की सूचना E-mail ID : ............................................... पर भेजी जा सकती है।

19. **परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त उक्त दोनों परीक्षा से संबंधित किसी प्रकार की त्रुटि में सुधार हेतु दावा मान्य नहीं होगा।**

**नोट – सम्पूर्ण राज्य में NCTE द्वारा मान्यता प्राप्त एवं समिति द्वारा सम्बद्धता प्रदत्त प्राथमिक स्तरीय सरकारी एवं गैर–सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों में कुल स्वीकृत सीटों के लिए चयनित अभ्यर्थियों द्वारा संस्थान आवंटन के लिए अलग से ऑनलाईन आवेदन लिया जायेगा। जिसके लिए समिति द्वारा विज्ञप्ति प्रकाशित की जायेगी।**

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

ज्ञापांक : के0वि0 ............/2019 पटना, दिनांक ......../.........../2019
प्रतिलिपि – जन सर्म्पक पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा, समिति, पटना को सूचनार्थ एवं दिनांक ........................को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

ज्ञापांक : के0वि0 ................./2019 पटना, दिनांक ......../.........../2019
प्रतिलिपि –निदेशक/उप निदेशक, आई०टी० (उच्च/माध्यमिक प्रभाग), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

ज्ञापांक : के0वि0 ................./2019 पटना, दिनांक ......../.........../2019
प्रतिलिपि –मेसर्स डाटा सॉफ्ट कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा०लि०, दिल्ली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना